Keywords: **निमंत्रण, आमंत्रण, न्यौता, दावत, भोज**

घर बुलाना
to invite (someone) home

निमंत्रण m. invitation

आमंत्रण m. invitation

न्यौता m. invitation (e.g. to a feast)

इन तीनों शब्द का मतलब समान ही है।
More correct sentence:
इन तीनों *शब्दों* का मतलब समान ही है।
The meaning of these three words is similar.

समान adj. similar, the same

(क्या) चौधरी जी ने अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण भेजा है आपको?
Has Mr. Chowdhary sent you an invitation to his daughter's marriage?

क्या आपने सभी रिश्तेदारों को शादी में आने का आमंत्रण भेज दिया है ?
Have you sent the marriage invitation to all the relatives?

क्या आपने सभी रिश्तेदारों को शादी का न्यौता भेज दिया है?
Have you sent the marriage invitation to all the relatives?

इन शब्दों का समान प्रयोग ही होता है।
The use of these words is similar.

औपचारिक adj. formal

नाँगल m. house-warming ceremony

कई बार जब पुरस्कार वितरित किए जाते हैं तो उससे पहले कई प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
Many times when awards are distributed then before that many entries are invited.

पुरस्कार m. award, prize

वितरित करना to distribute

प्रविष्टि f. entry in a competition

प्रविष्टियाँ आमंत्रित करना
to invite entries

हमने एक राष्ट्रीय पुरस्कार निकाला लेखकों के लिए, तो हम तरह-तरह की प्रविष्टियाँ आमंत्रित करते हैं।
We have started a national award for writers, so we invite various type of entries.

भारत विदेशी कंपनियों को निवेश करने का न्यौता दे रही है।
The above sentence should be - **भारत विदेशी कंपनियों को निवेश करने का न्यौता दे *रहा* है।**
India is inviting foreign companies to invest (in India).

निवेश करना to invest

गप-शप f. gossip

दावत f. feast

© Hindi Urdu Flagship | University of Texas at Austin

आज हमारे घर बहुत बड़ी दावत है, आप ज़रूर आइएगा।
There is a big feast at our house today, (please) do come.

भोज m. feast

आज हमारे यहाँ भोज हो रहा है, आप ज़रूर पधारिएगा।
There is a feast at our place today, (please) do come.

पधारना v.i. to take one's way, to arrive

लोगों का स्वागत करते समय
while welcoming people

स्वागत m. a welcome, reception

आपका हमारे घर में बहुत स्वागत है।
You are very welcome to our house.

आप हमारे घर पधारे, हम बहुत ही धन्य हो गए।
We feel blessed that you came to our house.

धन्य m. blessed

आपके पधारने से हम कृत-कृत्य हो गए।
We are obliged by your visit.

कृत-कृत्य m. utterly grateful, obliged

आपने हमें अपना आदर-सत्कार करने का मौका दिया, हमें बहुत प्रसन्नता हुई।
You gave us opportunity to be your host, we are very very happy.

आदर-सत्कार m. hospitality

जो बूढ़े लोग होते हैं, जिनमें थोड़ी विनम्रता ज़्यादा होती है (नए ज़माने के लोगों से), वे अकसर बोलते हैं कि आप हमारे गरीबख़ाने में आये, हम बहुत ही धन्य हो गए।
People who are old, who have a little more humility (as compared to the people of today), they often say that we feel blessed that you came to our humble abode.

विनम्रता v.i. humility

गरीबख़ाना
m. "poor house," a humble way of referring to one's house

आपने हमें अपना आदर-सत्कार करने का मौका दिया, तो [हम] बहुत धन्य हो गए।
We feel blessed by the opportunity to be your hosts.

मगर यह जो "गरीबख़ाने" शब्द का प्रयोग है, वह शायद जैसे मेरे दादाजी नानाजी की उम्र के लोग ज़्यादा करेंगे - मेरे पिताजी भी शायद इस शब्द का इस्तेमाल न करें।
But this usage of the word "**गरीबख़ाना**" is maybe more used by people the age of my paternal (or) maternal grandfather – even my father might not use this word.

बिलकुल औपचारिक लगता है क्योंकि यदि आपके कोई मिलने-जुलने वाले ही हैं जिनको....आप कभी भी आते-जाते रहते हैं तो आप "स्वागत" शब्द का प्रयोग नहीं करेंगे - शायद केवल गले मिलेंगे या फिर "नमस्ते" बोलेंगे, और बस, ख़त्म।
It absolutely looks formal because if there are some acquaintances of yours…you meet them frequently then you will not use the word "**स्वागत**" – maybe you will just hug them or say "**नमस्ते**" and that's it.

मगर जब कोई औपचारिक परिस्थिति है, आपके घर में बहुत बड़ी शादी है या फिर नाँगल है जैसे कि, या फिर कुछ और कार्य हो रहा है जो थोड़े बड़े पैमाने पर हो रहा है, और आपने सबको औपचारिक निमंत्रण दिया है, उस परिस्थिति में आप सबका स्वागत करेंगे और स्वागत शब्द का प्रयोग भी करेंगे।
But when there is a formal situation, there is a big wedding in your house or for example if there is a house-warming ceremony, or there is some other work going on, on a slightly big scale, and you have sent everyone a formal invitation, in that situation you will welcome everyone and also use the word "**स्वागत**".

परिस्थिति f. situation, circumstance

कार्य m. work, activity

पैमाना m. a scale, measurement

मैं जवाब में कुछ भी नहीं कहूँगी, एक बहुत ही प्यारी-सी smile दे दूँगी! इतना ही काफ़ी है।
I will say nothing in reply, will give a very sweet smile! That is enough.

कोई बात नहीं
A response to "Thank You" *or*
Directly translated it means, "no worries".